अमर उजाला 30/11/2025

# कॉलेज में चलाया कपड़ा दान अभियान

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में वेस्ट टू वेल्थ पहल के अंतर्गत कपड़ा दान अभियान आयोजित किया गया। दो दिन चले इस कपड़ा दान अभियान का आयोजन इको क्लब, एनएसएस यूनिट, एसडीजी क्लब, स्वच्छ भारत मिशन सेल और समाजशास्त्र विभाग की ओर से नगर परिषद अंबाला सदर के सहयोग से किया गया। इस पहल का प्रमुख उद्‌देश्य कचरे से कीमती वस्तु की अवधारणा को प्रोत्साहित करना और सेल्फ हेल्प ग्रुप से जुड़ी महिलाओं के लिए आय-सृजन के अवसरों को सशक्त करना रहा। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि कॉलेज सदैव समाज और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील पहलों को बढ़ावा देता रहा है। संवाद